Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 17-08-2006
Participants : Goyal Shri Surendra Prakash

>

Title : Need to give adequate compensation to the farmers whose lands were acquired for setting up High Tech cities in Ghaziabad and Gautam Budh Nagar districts in Uttar Pradesh.

श्री सुरेन्द्र प्रकाश गोयल (हापुड़) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश राज्य में गाजियाबाद और गौतमबुद्ध नगर जिले में एक तरफ किसानों को उनकी कृिा लागत का पूरा मूल्य नहीं मिल पा रहा है और दूसरी तरफ कुछ पूंजीपतियों को हाईटेक सिटी के नाम पर किसानों की कीमती जमीन को सस्ते दामों पर प्रशासन के माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके विरुद्ध वहां के किसानों ने आन्दोलन का रास्ता अपनाया, तो प्रशासन ने उन पर कठोरता अपनाई जिसका उदाहरण हमारे सामने हाल में घटी बझेड़ाखुर्द की घटना है। वहां ग्रामीण जनता के साथ प्रशासन ने सख्ती की जिससे सैकड़ों किसान गाजियाबाद जेल में बन्द हैं। मैं उनकी बिना शर्त रिहाई की मांग करता हूं तथा मेरा यह भी सुझाव है कि यदि पूंजीपतियों को किसानों की जमीन खरीदनी ही है, तो उनकी जमीन बेचने का अधिकार किसानों को दिया जाए और वर्तमान सरकारी मूल्य पर बेचा जाए न कि किसानों की जमीन सस्ते दामों पर अधिकृत कर औने-पौने दामों में पूंजीपतियों को बेचे। मेरी आपके माध्यम से मांग है कि मेरे उक्त सुझावों पर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई की जाए।